**उत्तर मध्य रेलवे**
**कार्य अध्ययन रिपोर्ट**

प्रयागराज मण्डल में कार्यरत वरि० मंडल विद्युत अभियन्ता (परिचालन) के अधीनस्थ कार्यरत मल्टी टास्क हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) कैटेगरी के कार्य की समीक्षा

**कार्य अध्ययन सं०– म०प्र० / उ०म०रे० / का०अ० / प्रयागराज / विद्युत / 11 / 2020–21**

**मार्गदर्शन एवं निर्देशन**

श्री नवीन कुमार सिन्हा
वरिष्ठ उप महाप्रबंधक

व

श्री मन्नू प्रकाश दूबे
उप महाप्रबंधक / सामान्य

एवं

**सहयोग**

श्री संतोष बाजपेयी
कार्य अध्ययन अधिकारी

**सम्पादित**

जोगेश कुमार सेठी
मुख्य कार्य अध्ययन निरीक्षक

# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अधिशासकीय सार | 2 |
| 2. | आभार एवं संस्तुति सारांश | 3 |
| 3. | **अध्याय– प्रथम**<br>प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें | 4 |
| 4. | **अध्याय– द्वितीय**<br>कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण | 5–8 |
| 5. | **अध्याय–तृतीय**<br>वित्तीय परिणाम एवं संस्तुति | 9 |

**अधिशासकीय सार**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य अध्ययन का नाम | प्रयागराज मण्डल में कार्यरत वरि0 मंडल विद्युत अभियन्ता (परिचालन) के अधीनस्थ कार्यरत मल्टी टास्क हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) कैटेगरी के कार्य की समीक्षा। |
| 2. | कर्मचारी की श्रेणी | मल्टी टास्क हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) |
| 3. | विभाग का नाम | विद्युत परिचालन |
| 4. | कार्य अध्ययन वर्ष | 2020–21 |
| 5. | प्रारम्भ की तिथि | 13.10.2020 |
| 6. | पूर्ण होने की तिथि | 09.06.2021 |
| 7. | स्वीकृत पदों की संख्या | 118 |
| 8. | कार्यरत कर्मचारियों की संख्या | 78 |
| 9. | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पद | **40** |
| 10. | वित्तीय बचत | **1,16,53,200.00**<br>**(एक करोड सोलह लाख तिरपन हजार दो सौ मात्र)** |

## आभार

कार्याध्ययन दल श्री राहुल त्रिपाठी, वरि० मण्डल विद्युत अभियन्ता (परि०) तथा श्री सरयू प्रसाद पाण्डेय, मण्डल विद्युत अभियन्ता (परि०) का गहन आभारी है जिन्होंने इस कार्य अध्ययन में अपना बहुमूल्य समय एवं मार्गदर्शन प्रदान किया है। साथ ही साथ कार्य अध्ययन दल, श्री संजीव कुमार श्रीवास्तव, कार्यालय अधीक्षक, विद्युत परिचालन, प्रयागराज का विशेष आभारी है जिन्होंने इस कार्य अध्ययन हेतु महत्वपूर्ण सूचनाये उपलब्ध कराने में अपना बहुमूल्य समय एवं समुचित सहयोग प्रदान किया है।


.....

## संस्तुति सारांश

कार्य अध्ययन के दौरान ज्ञात हुआ कि प्रयागराज मण्डल के विद्युत परिचालन विभाग में वरि० मंडल विद्युत अभियन्ता (परिचालन) के अधीनस्थ कार्यरत मल्टी टास्क हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) संवर्ग के लिये कुल 118 पद स्वीकृत हैं।

उक्त संवर्ग के पदो के कार्य के औचित्य को देखते हुए कार्य अध्ययन दल के द्वारा इस कैटेगरी में कार्य अध्ययन के पश्चात् कुल **40 पदों** के अभ्यर्पण की संस्तुति की जाती है। इससे कुल बचत रु0 **1,16,53,200.00 (एक करोड सोलह लाख तिरपन हजार दो सौ मात्र)** होगी।

## अध्याय–प्रथम

### प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें

विद्युत परिचालन विभाग, प्रयागराज मण्डल में रनिंग स्टॉफ के अन्तर्गत विद्युत पॉयलट्स के लाइन बॉक्स को लॉबी/रनिंग रुम से लोको पर लानें तथा ले जानें का कार्य बॉक्स पोर्टर्स के द्वारा सम्पादित किया जाता रहा है। कालान्तर में राजधानी/शताब्दी जैसी गाड़ियों में चालकों के लाइन बॉक्स हटा लिये जानें से तथा सहायक लोको पायलट्स के लाइन बॉक्स हटा दिये गये। इसके अलावा मालगाड़ी के पॉयलट्स के लाइन बॉक्स को लानें तथा ले जानें के कार्य को अब आउटसोर्सिंग के माध्यम से कराया जा रहा हैं। इस प्रकार इस कार्य हेतु प्रयागराज मण्डल में विभागीय बॉक्स पोर्टर्स की आवश्यकता पहले से बहुत कम हो गयी है। अतएव कार्य संवर्धन के साथ–साथ कर्मचारी लागत पर भी विशेष ध्यान दिया जाना जरुरी हो गया है, जिससे रेल की कार्यक्षमता को बढाया जा सके।

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय के निर्देश पर कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ द्वारा "Review of staff strength of Multi Task Helper Khalasi (Box Porter) in Electrical (TRS) department in PRYJ Division" विषय को कार्य अध्ययन हेतु चुना गया। यह कार्य अध्ययन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय द्वारा वर्ष 2020–21 के लिए अनुमोदित कार्य अध्ययन सूची से उद्धृत है।

वर्णित कार्य अध्ययन, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता (परिचालन), प्रयागराज मण्डल के प्रशासनिक नियंत्रण में निहित है।

# अध्याय–द्वितीय

## कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण

2.1 **कर्मचारी संख्या**:– विद्युत परिचालन विभाग, प्रयागराज से प्राप्त विवरण के अनुसार प्रयागराज मण्डल में विद्युत परिचालन विभाग के विभिन्न शेडों– पण्डित दीनदयाल उपाध्याय नगर, प्रयागराज, कानपुर तथा टूण्डला में मल्टी टास्क हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) के स्वीकृत एवं ऑन रोल पदों का प्राप्त विवरण निम्नवत है :–

| S.No. | HQ | SS | MOR | Variation | Remark |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | DDU | 29 | 14 | -15 | Nil |
| 2. | PRYJ | 26 | 21 | -05 | Nil |
| 3. | GMC/CNB | 41 | 27 | -14 | Nil |
| 4. | TDL | 22 | 16 | -06 | Nil |
| Total | | 118 | 78 | -40 | Nil |

**2.2. कार्य का विवरण**:– कालान्तर में प्रयागराज मण्डल में विद्युत लोको पॉयलट्स के लाइन बॉक्स को लाने–ले जानें का कार्य वाह्य श्रोतों से कराया जानें लगा है। वर्तमान में प्रयागराज मण्डल में आनें वाले शेड्स– दीनदयाल उपाध्याय नगर, प्रयागराज, कानपुर सेन्ट्रल/जी0एम0सी0 तथा टूण्डला में विद्युत लोको पॉयलट्स के लाइन बॉक्स को लाने–ले जानें का कार्य विभिन्न वाह्य श्रोतो से कराया जा रहा है। इनके कार्यों को वाह्य श्रोतों द्वारा सम्पादित किये जानें के कारण प्रयागराज मण्डल में हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) के कार्य भार में कमी आयी है।

**2.3.** प्रयागराज मण्डल के वरि0 मण्डल विद्युत अभियन्ता (परि0) कार्यालय से प्राप्त विवरण के अनुसार प्रयागराज मण्डल के विभिन्न शेड्स में वाह्य श्रोतों द्वारा कराये जा रहे हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) के कार्य का तालिकाबद्ध विवरण निम्नवत् हैं–

| S. No. | Sheds | Name of work | Departmental estimated Qty. in man days | Box Porters being used to carry box | Remark (if any) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | DDU | Housekeeping and maintenance of lawns & garden of Driver's & Guard's Running Room and | 4,380 man days | 06 | - |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | upkeep of crew lobby at Deen Dayal Upadhyayay Nagar for 02 years | | | |
| 2 | PRYJ | Transtportation of line boxes of Electric Loco Pilots of Goods trains, cleaning of look out glass of locomotive, up keeping of ALD Lobby and Sr. CC/OP office, walky-talky management system lobby ALD and crew booking at ALD for 02 years | 20,440 man days. | 22 | - |
| 3 | GMC/ CNB | Transportation of crew line boxes at GMC and management of crew lobby at GMC & CNB alongwith walky-talky distribution and look out glass cleaning of locomotives | 24,090 man days. | 23 | - |
| 4 | TDL | Transportation of crew line boxes and supply and filling of silica sand in locomotive at Tundla. | 8,760 man days. | 12 | - |
| Total | | | | 63 | - |

**2.4.** प्रयागराज मण्डल मे विभिन्न शेड्स मे लाइन बॉक्स को लाने–ले जाने का कार्य वाह्यश्रोतों तथा विभागीय कर्मचारियों के द्वारा किये जाने पर उनके कार्यभार का विश्लेषण निम्नवत् किया जा सकता है।

**2.4.1.** दीनदयाल उपाध्याय नगर में स्वीकृत संख्या 29 हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) की है जबकि वहां 14 हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) ऑन रोल कार्यरत हैं। इसके अलावा यहां पर विद्युत लोको पॉयलट्स के लाइन बॉक्स को लाने–ले जाने का कार्य वाह्य श्रोत से भी कराया जा रहा है तथा इस कार्य को भारतीय सेक्युरिटी सर्विसेज, वाराणसी के 06 कर्मचारियों के द्वारा सम्पादित किया जा रहा है। 14 विभागीय बॉक्स खलासियों तथा 06 वाह्यश्रोत के द्वारा लगाये गये (कुल 20) बॉक्स खलासियों के द्वारा दीनदयाल उपाध्याय नगर में विद्युत लोको पॉयलट्स (मेल तथा मालगाडी) के लाइन बॉक्स को लाने–ले जाने का सफलतापूर्वक सम्पादित किया जा रहा है। इस अध्ययन से दीनदयाल उपाध्याय नगर में 15 हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.4.2.** प्रयागराज में स्वीकृत संख्या 26 हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) की है जबकि वहां 21 बॉक्स खलासी ऑन रोल कार्यरत हैं। इसके अलावा यहां पर विद्युत लोको पॉयलट्स के लाइन बॉक्स को लाने–ले जानें का कार्य वाह्य श्रोत से भी कराया जा रहा है तथा इस कार्य को मेसर्स एलाइट एसोसियेट्स, आगरा के 22 कर्मचारियों के द्वारा सम्पादित किया जा रहा है। 21 विभागीय हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) तथा 22 वाह्यश्रोत के द्वारा लगाये गये (कुल 41) हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) के द्वारा प्रयागराज में विद्युत लोको पॉयलट्स (मेल तथा मालगाड़ी) के लाइन बॉक्स को लाने–ले जानें का सफलतापूर्वक सम्पादित किया जा रहा है। इस अध्ययन से प्रयागराज में 05 हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.4.3.** जीएमसी/कानपुर सेन्ट्रल में स्वीकृत संख्या 41 हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) की है जबकिं वहां 27 हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) ऑन रोल कार्यरत हैं। इसके अलावा यहां पर विद्युत लोको पॉयलट्स के लाइन बॉक्स को लाने–ले जानें का कार्य वाह्य श्रोत से भी कराया जा रहा है तथा इस कार्य को मेसर्स सी0पी0कान्स्ट्रेक्शन्स, प्रयागराज के 23 कर्मचारियों के द्वारा सम्पादित किया जा रहा है। 27 विभागीय हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) तथा 23 वाह्यश्रोत के द्वारा लगाये गये (कुल 50) हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) के द्वारा जीएमसी/कानपुर सेन्ट्रल में विद्युत लोको पॉयलट्स (मेल तथा मालगाड़ी) के लाइन बॉक्स को लाने–ले जानें का सफलतापूर्वक सम्पादित किया जा रहा है। इस अध्ययन से जीएमसी/कानपुर सेन्ट्रल में 14 हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.4.4** टूण्डला में स्वीकृत संख्या 22 हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) की है जबकि वहां 16 हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) ऑन रोल कार्यरत हैं। इसके अलावा यहां पर विद्युत लोको पॉयलट्स के लाइन बॉक्स को लाने–ले जानें का कार्य वाह्य श्रोत से भी कराया जा रहा है तथा इस कार्य को मेसर्स अर्पित इन्टरप्राइजेज, नई दिल्ली के 12 कर्मचारियों के द्वारा सम्पादित किया जा रहा है। 16 विभागीय हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) तथा 12 वाह्यश्रोत के द्वारा लगाये गये (कुल 28) बॉक्स खलासियों के द्वारा टूण्डला में विद्युत लोको पॉयलट्स (मेल तथा मालगाड़ी) के लाइन बॉक्स को लाने–ले जानें का सफलतापूर्वक सम्पादित किया जा रहा है। इस अध्ययन से टूण्डला में 06 हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) के अभ्यर्पण की संस्तुति की जा सकती है।

**2.5.** उपरोक्त पैरा संख्या 2.4.1 से 2.4.4 का अवलोकन करनें पर पाया जाता है कि प्रस्तुत कार्य अध्ययन में प्रयागराज मण्डल के विद्युत परिचालन विभाग में कार्य के औचित्य को देखते हुए विद्युत लोको पॉयलट्स के

लाइन बॉक्स को लाने–ले जाने हेतु हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) की स्वीकृत संख्या, आवश्यक संख्या से अधिक है।

**2.6**. उक्त अध्ययन के आलोक में प्रयागराज मण्डल के विद्युत परिचालन विभाग में अभ्यर्पण हेतु संस्तुति किये जाने योग्य हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) की संख्या को निम्न तालिका के माध्यम से प्रदर्शित किया जा सकता है–

| S.No. | Name of Sheds | No. of Existing Sanction Posts of Box Porters | On Roll | Posts may be surrendured |
|---|---|---|---|---|
| 1. | DDU | 29 | 14 | 15 |
| 2. | PRYJ | 26 | 21 | 05 |
| 3. | GMC/CNB | 41 | 27 | 14 |
| 4. | TDL | 22 | 16 | 06 |
| | **Grand Total** | **118** | **78** | **40** |

**2.7**. अतः पदो के औचित्य को देखते हुए कार्य अध्ययन दल के द्वारा प्रयागराज मण्डल के विद्युत परिचालन विभाग में मल्टी टास्क हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी)संवर्ग कें 40 पदों के अभ्यर्पण की संस्तुति की जाती है।

# अध्याय–तृतीय

## वित्तीय परिणाम

**3.0** इस कार्य अध्ययन में दी गयी संस्तुतियों के कियान्वयन के फलस्वरूप रेल राजस्व में होने वाली बचत के प्रतिपद का आकलन निम्नवत् किया गया :–

| क्र0 सं0 | पदनाम | वेतनमान | पद सं0 | औसत मासिक मूल्य प्रति पद (रु0 में) | कुल मासिक मूल्य (रु0 में) | वार्षिक आवर्ती बचत (रु0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मल्टी टास्क हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) | 5200-20200 GP-1800 (6th CPC Level-I (7th CPC) | 40 | 24,277.50 | 9,71,100.00 | 1,16,53,200.00 |
| **कुल** | | | **40** | | | **1,16,53,200.00** |
| **(एक करोड सोलह लाख तिरपन हजार दो सौ मात्र)** | | | | | | |

**3.1 संस्तुतिः–**

कार्य अध्ययन के दौरान ज्ञात हुआ कि प्रयागराज मण्डल के विद्युत परिचालन विभाग में वरि0 मंडल विद्युत अभियन्ता (परिचालन) के अधीनस्थ कार्यरत मल्टी टास्क हेल्पर खलासी (बॉक्स खलासी) संवर्ग के लिये कुल 118 पद स्वीकृत हैं।

उक्त संवर्ग के पदो के कार्य के औचित्य को देखते हुए कार्य अध्ययन दल के द्वारा कार्य अध्ययन के पश्चात् इस कैटेगरी में कुल **40 पदों** के अभ्यर्पण की संस्तुति की जाती है। इससे कुल बचत रु0 **1,16,53,200.00 (एक करोड सोलह लाख तिरपन हजार दो सौ मात्र)** होगी।